**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–07.09.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची स्थित रिम्स में 'झारखंड एनएमओ कॉन्फ्रेंस' को किया संबोधित, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुँचाने पर दिया जोर।**
2. **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर साधा निशाना, सूर्या हांसदा इनकाउंटर और रिम्स–2 जमीन विवाद पर उठाए सवाल।**
3. **प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर भाजपा ने की सेवा पखवाड़ा शुरू करने की घोषणा, 2 अक्टूबर तक होगा गरीबों का इलाज और स्वच्छता अभियान।**
4. **आज और कल की रात भारत में दिखाई देगा पूर्ण चंद्रग्रहण, ग्रहण और पितृपक्ष के कारण तर्पण और पूजा–अर्चना जल्दी हुई संपन्न।**
5. **एशिया कप हॉकी फाइनल आज शाम भारत और कोरिया के बीच, आकाशवाणी पर राजगीर से मैच का होगा सीधा प्रसारण।**

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज रांची स्थित रिम्स में 'झारखंड एनएमओ कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ नागरिक ही समग्र विकास की मूलभूत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचनी चाहिए और राज्य में उच्चस्तरीय अस्पताल स्थापित करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। राज्यपाल ने रिम्स में मौजूदा स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार की आवश्यकता बताते हुए कहा कि मरीजों को इलाज के लिए बाहर न जाना पड़े। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने और सभी कर्मियों तक हेल्थ कार्ड पहुँचाने पर बल दिया।

*******************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सूर्या हांसदा इनकाउंटर और रिम्स टू जमीन विवाद को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा। आज रांची में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि सूर्या हांसदा की मौत को इनकाउंटर बताकर सच छुपाया गया है और मामले की सीबीआई जांच कराई जानी चाहिए। रिम्स टू जमीन मामले पर श्री मरांडी ने कहा कि उपजाऊ जमीन को किसानों से छीनना गलत है और इसे वापस लौटाया जाए। उन्होंने घोषणा की कि भाजपा इन दोनों मुद्दों को लेकर 11 सितम्बर को प्रदेशभर के प्रखंड मुख्यालयों पर धरना देगी।

*******************

गिरिडीह भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवीन्द्र राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम शुरू होगा। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता गरीब वंचितों और रोगियों का इलाज कराएंगे और 2 अक्टूबर तक स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जाएगा।

*******************

कोडरमा के झुमरी तिलैया स्थित शिव वाटिका में गुरु शिखर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी स्कूलों के शिक्षक और प्रबंधन के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि गुरु–शिष्य के संबंधों में दूरी को पाटने के लिए संस्कार युक्त शिक्षा देना आवश्यक है।

*******************

भारत में आज और कल की रात पूर्ण चंद्रग्रहण दिखाई देगा, जिसे पूरे देश में सभी चरणों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकेगा। चंद्रग्रहण का आंशिक चरण रात 9 बजकर 57 मिनट पर शुरू होगा और पूर्ण चरण रात 11 बजे से शुरू होकर 8 सितंबर की रात 12 बजकर 23 मिनट पर समाप्त होगा। इसकी कुल अवधि 3 घंटे 30 मिनट और पूर्ण ग्रहण की अवधि 1 घंटे 23 मिनट की होगी।

*******************

सरायकेला खरसावां के प्राचीन जगन्नाथ मंदिर, कुदरसाई स्थित बुद्धेश्वर शिव मंदिर एवं माजना घाट के पंचमुखी शिव मंदिर में पूर्णिमा रहने के कारण सुबह से लोगों की भीड़ उमड़ी रही और पूजा पाठ कर कपाट बंद कर दिए गए। पंडित घासीराम सतपति ने जानकारी दी कि पितृपक्ष के पहले दिन ग्रहण पड़ने के कारण लोगों को तर्पण और अन्य धार्मिक कार्य जल्दी संपन्न करने पड़े।

*******************

बोकारो जिले में 27–28 अगस्त की रात अलग–अलग थाना क्षेत्रों में हुई तीन घरों में चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। एसडीपीओ बेरमो के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने गिरोह के सरगना रवि खेरवार सहित पांच चोरों को रामगढ़ से गिरफ्तार किया और एक खरीददार को भी पकड़ा। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि उनकी निशानदेही पर नकद, सोने–चांदी के जेवर और अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

*******************

जमशेदपुर में झामुमो ने घाटशिला उपचुनाव की तैयारी तेज करते हुए साकची स्थित जिला संपर्क कार्यालय में स्वर्गीय मंत्री रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश सोरेन का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुमन महतो सहित बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सोमेश सोरेन ने कहा कि वे अपने पिता के अधूरे सपनों को पूरा करने और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

*******************

अग्निवीर योजना भारत सरकार द्वारा 14 जून 2022 को शुरू की गई थी। इसका उद्देश्य युवाओं को भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में अल्पकालिक सेवा का अवसर प्रदान करना है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******************

लोहरदगा में सेवा भारती द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय प्रांगण में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 54 लोगों की विभिन्न स्वास्थ्य जांच की गई।

*******************

मौसम विभाग के अनुसार कल राज्य में आंशिक बादल छाए रहेंगे और कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश के आसार हैं। साथ ही पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश और वज्रपात की संभावना जताई गई है। पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 2 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान में भी हल्की वृद्धि दर्ज की गई। साथ ही जमशेदपुर, डालटनगंज और बोकारो में भी तापमान में बढ़ोतरी हुई है।

*******************

एशिया कप हॉकी चैम्पियनशिप का फाइनल आज शाम भारत और कोरिया के बीच होगा। यह मैच बिहार के राजगीर में शाम साढ़े सात बजे खेला जाएगा। मैच का आंखों देखा हाल आकाशवाणी के एफएम रैनबो और अन्य मीटरों पर सुना जा सकता है।

***************